झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **23.02.2020**

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची

विज्ञप्ति संख्या - 212/2020

मुख्यमंत्री आवास, रांची

==================

- मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के कांके रोड स्थित आवास में रविवार को दिन भर लगा रहा फरियादियों का तांता

 ====================

- मुख्यमंत्री ने लोगों की सुनी समस्याएं और जल्द से जल्द यथोचित रूप से निराकरण करने का दिया आश्वासन

 ===================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के कांके रोड रांची स्थित आवास पर रविवार को भी पूरे दिन अपनी समस्याओं और परेशानियों को लेकर राज्य के अलग-अलग इलाकों से फरियादी, विभिन्न संगठनों एवं एसोसिएशन से जुड़े प्रतिनिधि पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सभी की परेशानियों और समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि वे जनता के दुख दर्द को समझते हैं और उसका यथोचित निराकरण जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया।

नियमावली में सभी पारा शिक्षकों के हितों का रखा जाए ध्यान

झारखंड शिक्षा मित्र केंद्रीय समिति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को राज्य में काम कर रहे सभी 65000 पारा शिक्षकों के हितों का ध्यान बन रही नियमावली में रखने के प्रति आकृष्ट कराया। वही गढ़वा जिले से आए पारा शिक्षकों ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं होने की वजह से रोके गए मानदेय को रिलीज करने की मांग रखी ।

6 माह से नहीं हो रहा भुगतान

मुख्यमंत्री को ट्रैक्टर ओनर्स एसोसिएशन ने बताया कि उनके ट्रैक्टर का इस्तेमाल रांची नगर निगम कचरा उठाने में करती है। लेकिन पिछले 6 माह से इसका भुगतान नहीं किया गया है। वहीं बरहेट से आए युवाओं ने सोहराई के अवसर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। गढ़वा जिला परिषद से कार्यमुक्त किए गए अनुबंधित कर्मियों ने समायोजित

करनी की मांग रखी। रांची के पिस्का मोड़ की रहनेवाली दिव्यांग युवती ने राशन दुकान की डीलरशिप दिलाने का आग्रह किया ।

किसी ने पेंटिंग तो किसी ने किताब भेंट की

जमशेदपुर से आई महिला समूह की नीता सरकार , दलजीत कौर और मृदुला मन्ना ने श्री शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री की तस्वीर वाली पेंटिंग मुख्यमंत्री को सप्रेम भेंट की । इसके अलावा मुलाकात के लिए आए कई लोगों ने मुख्यमंत्री को किताब भेंट किया ।

###

======================

#Team PRD (CMO)